breakthrough

## प्रसिद्ध अभिनेता सुशांत सिंह यौन उत्पीड़न के ख़िलाफ़ छेड़ेंगे अभियान

## उत्तर प्रदेश  पुलिस महिला सम्मान प्रकोष्ठ और स्वंयसेवी संस्था ब्रेकथ्रू के अभियान 'ऑस्किंग फ़ॉर इट' को दिखायेंगे हरी झंडी

## चारबाग़ बस अड्डे पर एक हफ़्ते तक चलेगा यौन उत्पीड़न के ख़िलाफ़ जागरुकता कार्यक्रम

## चारबाग़ बस स्टॉप पर बनेगी जनपदीय पुलिस की महिला हेल्प डेस्क,यौन उत्पीड़न के मामलों की शिकायत होगी दर्ज

**लखनऊ 17 अगस्त 2015**, उत्तर प्रदेश पुलिस महिला सम्मान प्रकोष्ठ और स्वंयसेवी संस्था ब्रेकथ्रू अब मिलकर यौन उत्पीड़न के ख़िलाफ़ 'ऑस्किंग फ़ॉर इट' अभियान चलाएँगे।इस अभियान को शुरू करने के लिए 18 अगस्त को चारबाग़ बस स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में लोकप्रीय फिल्म अभिनेता और सावधान इंडिया के एंकर सुशांत सिंह शामिल होंगें।

इसके  साथ ही 18 अगस्त से चारबाग़ बस स्टॉप पर एक हफ़्ते तक विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को सार्वजनिक स्थानों  पर  यौन उत्पीड़न के ख़िलाफ़ जागरुक करने के साथ ही चारबाग़ बस अड्डे को  महिलाओं के लिए एक आदर्श बस स्टॉप बनाने का प्रयास किया जायेगा।

यह जानकारी आज महिला सम्मान प्रकोष्ठ की डी जी सुतापा सान्याल और ब्रेकथ्रू की कंट्री डायरेक्टर सोनाली खान ने एक संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में दी।

महानगर स्थित महिला सम्मान प्रकोष्ठ में आयोजित संयुक्त प्रेसवार्ता में सुतापा सान्याल ने कहा कि महिला सम्मान प्रकोष्ठ अपनी स्थापना के साथ ही महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान  से सम्बंधित  मुद्दों पर काम कर रहा है। 'हमने हमेंशा नये विचारों का स्वागत किया है,इसी कड़ी में ब्रेकथ्रू का यौन उत्पीड़न के ख़िलाफ़ शुरू किया गया अभियान 'ऑस्किंग फ़ॉर इट' हमें हमारे लक्षित मुद्दों के काफ़ी क़रीब लगा जिसका परिणाम है कि हम आज साथ मिलकर इस मुद्दे पर काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के साथ  यौन उत्पीड़न एक बहुत ही गंभीर मामला है और इसका दूरगामी परिणाम होता है।अक्सर इसे सामान्य छेड़छाड़ से जोड़कर देखा जाता है जिससे यह मुद्दा बहुत ही हल्का हो जाता है।लेकिन हमें यह समझना चाहिए की यह गंभीर मुद्दा है क्योंकि इस तरह की कोई भी घटना किसी भी लड़की या महिला के भविष्य को पूरी तरह बदल देती है।इसे रोकने के लिए जिला पुलिस के साथ  नागरिकों के भी सहयोग की जरूरत है।उत्तर प्रदेश सरकार महिला सुरक्षा को लेकर गंभीर है, जिसके तहत महिला सम्मान प्रकोष्ठ अपनी तरफ से ऐसा माहौल बनाने का पूरा प्रयास कर रहा है जहां महिलाओं को पूरा सम्मान व हक मिले।

सुतापा सान्याल ने  बताया कि बस स्टॉप पर होने वाली यौनिक हिंसा की शिकायत दर्ज करने के लिए जिला पुलिस की एक हेल्प डेस्क भी शुरू की जा रही है जिसमें महिला constables की भी नियुक्ति की जाएगी।उन्होंने यह भी बताया की उनके द्वारा इस विषय पर  एसएसपी लखनऊ से भी बात की गयी है जिन्होंने भी इस गंभीर मुद्दे पर व्यक्तिगत रूप से ध्यान देने की बात बताई।

ब्रेकथ्रू की कंट्री डायरेक्टर सोनाली खान ने कहा कि उन्हे ख़ुशी है कि सार्वजनिक स्थलों पर  यौनिक हिंसा के ख़िलाफ़ ब्रेकथ्रू के अभियान ऑस्किंग फ़ॉर इट को महिला सम्मान प्रकोष्ठ का साथ मिला है। हम साथ मिलकर इस

मुद्दे पर ठोस काम कर सकते हैं।यह अभियान खास तौर से बस स्टॉप और ऑटो स्टॉप को महिलाओं के लिए सुरक्षित बनाने के लिए शुरू किया गया है।यह अभियान हमारे उस सर्वे पर आधारित है जो हमने उत्तर प्रदेश

सहित देश के 6 राज्यों में किया है जिसके मुताबिक 90 फीसदी महिलाओं ने माना है कि घर से बाहर निकलने पर सार्वजनिक परिवहन पकड़ने के स्थान, जैसे ऑटो और बस स्टैंड पर, उन्होने कभी न कभी किसी न किसीरूप में यौन उत्पीड़न का सामना किया है।इस अभियान के माध्यम से हमारा प्रयास है कि हम सार्वजनिक स्थानों व परिवहन को महिलाओं के लिए सुरक्षित बनाएं जिससे वह बिना भय के कही भी आ-जा सके।

उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि हम अपने अभियान के माध्यम से उस तीसरे आदमी को जागरुक करना चाहते है जो बस स्टॉप पर खड़ा होकर यौन उत्पीड़न की घटना सामने होते हुए देखता तो है लेकिन कुछ करता या कहता नहीं है ताकि वो इस मुद्दे को लेकर सचेत रहे और आवाज उठाए।इसी कड़ी में महिला सम्मान प्रकोष्ठ और ब्रेकथ्रू ने चारबाग़ बस स्टॉप को चुना है।

इसके साथ ही उन्होंने बताया कि एक वीडियों बैन भी चलाई जाएगी,जो लखनऊ के विभिन्न इलाक़ों में जाकर यौन उत्पीड़न के ख़िलाफ़ लोगों को जागरुक करेगी।

चारबाग बस स्टॉप को आदर्श बस स्टैंड बनाने का विचार लाने वाले स्वतंत्र पत्रकार और लेखक रूद्र प्रताप दुबे ने कहा कि हमने तो महिला सम्मान प्रकोष्ठ के अधिकारीयों को एक आईडिया दिया था आज उसे इस तरह से साकार देखते हुए बहुत खुशी हो रही है।हम चाहते है कि चारबाग बस स्टैंड से यौनिक हिंसा के खिलाफ शुरू की जा रही यह मुहिम पूरे प्रदेश के लिए एक नज़ीर बने।

इस मौके पर सिने अभिनेता और सावधान इंडिया के एंकर सुशांत सिंह का ऑस्किंग फार इट अभियान के अवसर पर दिया गया एक ऑडियो और वीडियो संदेश भी प्रस्तुत किया गया और यौनिक हिंसा का सामना करने वाली युवतियों ने भी अपने अनुभव मीडिया के साथ साझा किए।

**ब्रेकथ्रू के बारे में :-**

ब्रेकथ्रू एक मानवधिकार संस्था है जो महिलाओं और लड़कियों पर होने वाली हिंसा औऱ भेदभाव को मिटाने के लिए काम करती है।

कला,मीडिया,लोकप्रिय संस्कृति और सामुदायिक भागेदारी से हम लोगों को एक एसी दुनिया बनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं,जिसमें हर कोई सम्मान,समानता और न्याय के साथ रह सके।

हम मल्टीमीडिया अभियानों के माध्यम से मानवाधिकार से जुड़े मुद्दों को मुख्य धारा में ला रहे हैं। उसे दुनिया भर के समुदाय और व्यक्तियों के लिए प्रासंगिक और जरूरी बना रहे हैं।इस सबके साथ हम युवाओं,सरकारी अधिकारियों और सामुदायिक समूहों को विस्तृत प्रशिक्षण भी देते हैं जिससे एक नयी ब्रेकथ्रू जेनरेशन सामने आए जो अपने आस-पास की दुनिया में बदलाव ला सके।

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें-**


कृति प्रकाश,
मैनेजर इंप्लीमेंटेशन,ब्रेकथ्रू
09415764037

विनीत त्रिपाठी, .
मैनेजर पीआर एंड कम्युनिकेशन,ब्रेकथ्रू
09792267809